ई पत्रिका

# Nagar Palika Parishad, Ballia


Government of Uttar Pradesh




फ़रवरी 2024

बलिया दर्पण

# नगर पालिका परिषद बलिया



**(अधिशासी अधिकारी)**




श्री मिठाई लाल गुप्ता
(**अध्यक्ष**)

नगर पालिका परिषद्, बलिया फ़रवरी 2024 के ई-पत्रिका , बलिया दर्पण में स्वागत है। फ़रवरी माह में हुए विकास कार्यों को ई-पत्रिका बलिया दर्पण के माध्यम से आप सब तक पहुँचाना चाहते है। बलिया नगर पलिका प्रत्येक माह ई-पत्रिका, बलिया दर्पण के द्वारा नगर पलिका में हुए विकास कार्यों को आपसब के सामने लाने का प्रयास करता है। जिससे बलिया नगर पलिका परिषद के विकास और नई योजनाओं से लाभान्वित हो सके। नगर पालिका परिषद् बलिया का एक मात्र उद्देश्य नगर पालिका का विकास है। जिसमें बिना किसी भेद-भाव, सभी समुदायों के लोगों को एकसाथ लेकर आगे बढ़ने का उद्देश्य है। जिसके लिए नगर पलिका परिषद् बलिया के निवासियों को इसमें सहयोग महत्वपूर्ण है और नगर पालिका इसका उम्मीद करता है। नगरवासियों से अपील है की नगर को स्वच्छ और सुन्दर बनाने में नगर पालिका की मदद करे। अपने आस-पास साफ- सुथरा रखे। कुड़ा-कचरा डस्टबिन में रखे, गन्दगी न फैलाये। आने वाले कल अच्छा हो इसके लिये आज बेहतर बनायें ।

# NAGAR PALIKA PARISHAD BALLIA

स्वच्छ भारत

एक कदम स्वच्छता की ओर

I am happy to present the February 2024 issue to all of you. A number of projects have been commissioned in the month of February. The former will help smoothen the flow of traffic, reduce the travel time of citizens, ease the congestion and reduce pollution on Nagar Road. There have been a lot of lessons to learned and these insights will certainly stand in good stead with us in our endeavors in future. The one thing that stands out is the most active participation of citizens. We, the residence of the Nagar Palika Parishad Ballia respective of ages, castes, creeds, religions, localities have untidily participated in creation of Ballia's Swachh Nagar Palika Parishad proposal. As I look into the future with great expectation, it is this one aspect of the municipality which gives me the greatest hope. We in the Nagar Palika Parishad Ballia, would be very happy to receive your feedback on all matters that you feel are important.

न0पा0प0-बलिया में स्वच्छ बसंत अभियान के अंतर्गत चन्द्र शेखर पार्क में सफाई कराई गई वह स्वच्छ बसंत के अंतर्गत सभी फूलों मैं खाद वितरित किया गया वह पानी डालकर उसे और भी प्रफुल्लित किया गया।




फ़ोटो - 01




फ़ोटो - 02

# जिले में लगेंगे 4.20 लाख प्रीपेड स्मार्ट मीटर, खर्च होंगे 210 करोड़, सर्वे शुरू

बिजली चोरी रोकने और बिल भुगतान की समस्या से छुटकारा पाने के लिए विद्युत निगम की ओर से कवायद की जा रही है। रिवैंप योजना के दूसरे चरण में जिले के 4.20 लाख उपभोक्ताओं के घरों में अब प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। विद्युत निगम की ओर नामित दो एजेंसियों ने इसके लिए सर्वे का कार्य भी शुरू कर दिया है। इस कार्य पर करीब 210 करोड़ की लागत आएगी।


विद्युत निगम वर्षों से करोड़ों के बकाया बिल की समस्या से जूझ रहा है। इसके लिए विभाग की ओर से समय-समय पर एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) का भी संचालन किया जाता है जिसके तहत सरचार्ज में छूट भी दी जाती है। इसके अलावा अधिकांश उपभोक्ताओं की ओर से बिल में गड़बड़ी की भी शिकायत होती है जिसके संशोधन के लिए विभाग को हर माह परेशानी उठानी पड़ती है। दूसरी ओर जिले में अभी भी करीब 35 फीसदी लाइन लॉस हो रहा है। इसके चलते विभाग को हर महीने लाखों के राजस्व का नुकसान हो रहा है। अब विभाग ने इन समस्याओं से निजात पाने के लिए प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने की कवायद तेज कर दी है। जिले के कुल 4.20 लाख उपभोक्ताओं के यहां यह मीटर लगेंगे। इसके लिए यूपीपीसीएल की ओर से दो कार्यदायी संस्थाओं जीएमएआर प्रयागराज व एलायंस कंपनी को सर्वे की जिम्मेदारी दी गई है। अधिकारियों के अनुसार पहले फेज में बलिया शहर में काम होगा, इसके बाद नगर पंचायतों, कस्बा व ग्रामीण इलाकों में इसे लगाने की कवायद होगी।

# किसानों ने उठाया फर्जी बिल और बिजली विभाग की मनमानी का मुद्दा

**बलिया**। किसान दिवस पर डीएम रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को कृषि भवन सभागार में बैठक हुई। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों की शिकायतों को शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर सुना जाए और उसका शीघ्र निस्तारण किया जाए। खासकर कृषि, सिंचाई व बिजली विभाग के अधिकारियों को विशेष रूप से ख्याल रखने को कहा।


किसान अखिलेश सिंह सहित अन्य किसानों ने फर्जी बिल आने का मामला उठाया। कहा कि प्रत्येक गांवों की लगभग यही समस्या है। आप रैंडमली गांवों का सर्वे करवा सकते हैं। सौभाग्य योजना के तहत मीटर कनेक्शन भी नहीं हुआ है, कुछ लोग गांव में भी नहीं रहते हैं फिर भी उनके बिजली का बिल आ रहा है। सरकार की ओटीएस योजना का भी लाभ नहीं मिल रहा। डीएम ने उप कृषि निदेशक मनीष कुमार सिंह को विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता को इन तमाम प्रकार की समस्याओं का उल्लेख करते हुए चिट्ठी भेजने का निर्देश दिया।




तू श्वेतवर्णी कमल पर विराजे,
हाथों में वीणा मुकुट सर पे साजे,
मन से हमारे मिटा दो अंधेरे
उजालों का हमको संसार दे मां
बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं।


Atal Mission for Rejuvenation and Urban Transformation
Amrut
Puzzle
A.
B.
C.
नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश


AYODHYA
स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
क्या आप जानते है?
1 टन कागज़ Recycle करने से
20 पेड़ बचाये जा सकते है।
26,498 लीटर पानी बच सकता है।
60 तालाब दूषित होने से बच सकते है।
एक सामान्य घर हेतु 6 माह तक की बिजली को बचाया जा सकता है।


SWACHH BHARAT MISSION
स्वच्छ भारत अभियान
DELHI-6
CLEANING THE HOUSE
घर की सफ़ाई
CLEANING THE VILLAGE / TOWN
गांव / शहर की सफ़ाई
USE ME
USE OF DUSTBIN
कूड़ेदान का प्रयोग
VILLAGE WELL BE KEPT NEAT &
गांव के कुएं को साफ़
Go to washroom every morning and always use flush
प्रात: शौचालय जाएँ व फ्लैश का इस्तेमाल करें
Launch of "SWACHH BHARAT MISSION" by PM Shri Narendra Modi.
प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्वच्छ भारत अभियान का शुभारम्भ किया गया।
DESTROY MOSQUITOES TO AVOID DISEASES
बीमारियों से बचने के लिए मच्छरों का विनाश
KEEP THE SCHOOL CLEAN
पाठशाला को साफ़ सुथरा रखना
DRAINAGE OF SULLAGE & SEWAGE INTO FIELDS
मैले पानी व कूड़े करकट को खेतों में पहुँचाना

# संपर्क करें

http://nppballia.in/

9696602533

nppballia@gmail.com